मेरा मालिक श्याम

मेरा बाबा मेरा मालिक , ये हारे का सहारा है
जो आया दास कर के , वो अब बाबा तुम्हारा है

मेरे ठाकुर के चरणों में , जो भी अरदास लगाते है
दया उसपे ये कर देते , श्रद्धा से मनाते है
मेरा तुमने सदा जीवन मेरे बाबा सवारा है
मेरा बाबा मेरा मालिक , ये हारे का सहारा है

नही कोई अपना दुनियाँ में , सभी मतलब के नाते है
जिसे अपना समझते है , वो ही आँखे दिखाते है
है ऐसे नाते दारो से.............
प्रभु नाता हमारा है
मेरा बाबा मेरा मालिक , ये हारे का सहारा है

दयालु श्याम सा कोई , ना देखा है जमाने में
कृपा करता ये भक्तो पर , रहे ना कभी खजाने में
ये बिना बोले सभी जाने.............
ये ही दिल ने पुकारा है
मेरा बाबा मेरा मालिक , ये हारे का सहारा है

मेरी विनती है बस मोहन , तेरा में प्यार पा जाऊँ
रहे जब तक मेरी साँसे , तेरे गुणगान में जाऊँ
हरीश कहता तेरे दर से ....
चले सबका गुजरा है
मेरा बाबा मेरा मालिक , ये हारे का सहारा है

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/22259/title/mera-malik-shyam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |